# आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
# नई दिल्ली

सं. A.12021/1/2023-Estt. दिनांक: 03.08.2023

## <u>रिक्ति सूचना</u>

****

**विषय: एनबीईएमएस में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों को भरने हेतु।**

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, जिसकी स्थापना आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च मानक वाले स्नातकोत्तर परीक्षाओं के संचालन के लिए की गई है।

2. एनबीईएमएस निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु केंद्र सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू/स्वायत्त निकायों/वैधानिक निकायों/विश्वविद्यालयों/केंद्र या राज्य सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों के अधिकारियों/कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | ग्रुप | वेतन मैट्रिक्स स्तर (सातवें सीपीसी के अनुसार) | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| i. | संयुक्त निदेशक (गैर-चिकित्सा) | A | 12 | 4 |
| ii. | उप निदेशक (गैर-चिकित्सा) | A | 11 | 8 |
| iii. | सहायक निदेशक (गैर-चिकित्सा) | A | 10 | 9 |
| iv. | अनुभाग अधिकारी | B | 8 | 2 |
| v. | लेखा अधिकार | B | 8 | 2 |
| vi. | निजी सचिव | B | 8 | 2 |
| vii. | वरिष्ठ प्रोग्रामर | B | 8 | 3 |
| viii. | वरिष्ठ सहायक | B | 7 | 15 |
| ix. | वरिष्ठ लेखाकार | B | 7 | 2 |
| x. | निजी सहायक | B | 7 | 4 |
| xi. | लाइब्रेरियन | B | 7 | 1 |
| xii. | बहु-कौशल सहायक | C | 4 | 37 |
| | | | **कुल** | **89** |

3. केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य पूर्व-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित इस प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

5. उपर्युक्त पदों के लिए पात्रता एवं अन्य शर्तें इस प्रकार हैं:

**<u>(i) संयुक्त निदेशक (गैर-चिकित्सा) – 04 पद</u>**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर – 12 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | अनिवार्य अनुभव | नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 11 या समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी। |
| 3 | वांछनीय अनुभव | किसी भी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशासन/वित्त में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर का ज्ञान। |

**(ii) उप निदेशक (गैर-चिकित्सा) – 08 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर - 11 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 10 या समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी। |
| 3 | वांछनीय अनुभव | किसी भी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशासन/वित्त में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर का ज्ञान। |

**(iii) सहायक निदेशक (गैर-चिकित्सा)-09 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर - 10 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 7 या समकक्ष पदों पर 7 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी। |
| 3 | वांछनीय अनुभव | किसी भी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशासन/वित्त/सतर्कता/आईटी में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर का ज्ञान। |

**(iv) अनुभाग अधिकारी – 02 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर - 8 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 7 या समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी। |
| 3 | वांछनीय अनुभव | किसी भी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशासन/स्थापना/हाउसकीपिंग/लेखा/सतर्कता/अनुसंधान/आईटी/वित्त में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर का ज्ञान |

**(v) लेखा अधिकारी – 02 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर - 8 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | (a) नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 7 या समकक्ष पदों पर 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी।<br><br>(b) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित या सांख्यिकी के साथ स्नातक की डिग्री या वाणिज्य में डिग्री।<br><br>**अनुभव:** कंप्यूटर आधारित लेखांकन के ज्ञान के साथ किसी सरकारी संस्थान आदि में लेखा कार्य का तीन वर्ष का अनुभव। |

**(vi) निजी सचिव - 02 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर - 8 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | नियमित आधार पर अनुरूप पद रखने वाले अधिकारी या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 6 या समकक्ष पद पर नियमितरूप से 5 वर्ष या वेतन मैट्रिक्स स्तर 6 और स्तर 5 या समकक्ष पद में 10 वर्ष की संयुक्त सेवा वाले अधिकारी। |

**(vii) वरिष्ठ प्रोग्रामर - 03 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर – 8 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | नियमित आधार पर अनुरूप पद रखने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 6 या समकक्ष पद पर 8 वर्ष या वेतन मैट्रिक्स स्तर 5 और स्तर 4 में 10 वर्ष की संयुक्त सेवा वाले पदों की नियमित सेवा वाले अधिकारी। |
| 3 | वांछनीय अनुभव | सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट/प्रोग्रामिंग/हार्डवेयर/नेटवर्किंग में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। |

**(viii) वरिष्ठ सहायक - 15 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर – 7 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | (a) नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 4 या समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी।<br><br>(b) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री या समकक्ष।<br><br>**अनुभव:**प्रशासन/स्थापना/हाउसकीपिंग/लेखा/सतर्कता/अनुसंधान/आईटी/परीक्षाओं के संचालन आदि में 5 वर्ष का अनुभव। |

**(ix) वरिष्ठ लेखाकार - 02 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर – 7 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | (a) नियमित आधार पर अनुरूप पद रखने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 5 या समकक्ष पदों पर 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर 5 और 4 के पदों पर संयुक्त 8 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी।<br><br>(b) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित या सांख्यिकी के साथ स्नातक की डिग्री या वाणिज्य में डिग्री।<br><br>**अनुभव:** कंप्यूटर आधारित लेखांकन के ज्ञान के साथ किसी सरकारी संस्थान आदि में लेखा कार्य का तीन वर्ष का अनुभव। |

**(x) निजी सहायक – 04 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर – 7 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | नियमित आधार पर समान पद रखने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 5 या समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी। या वेतन मैट्रिक्स स्तर 5 और स्तर 4 या समकक्ष पदों मे में 10 वर्ष की संयुक्त सेवा वाली। |

**(xi) लाइब्रेरियन - 01 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर – 7 |
| 2 | अनिवार्य अनुभव | (a) नियमित आधार पर अनुरूप पद रखने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 5 या समकक्ष में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर 5 और स्तर 4 के पदों पर 8 वर्ष की नियमित सेवा की संयुक्त सेवा वाले अधिकारी।<br><br>(b) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से लाइब्रेरी साइंस में डिग्री/डिप्लोमा होना। |

**(xii) बहु कौशल सहायक– 37 पद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतनमान | 7वें सीपीसी का वेतन मैट्रिक्स स्तर – 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | अनिवार्य अनुभव | (a) नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करने वाले या वेतन मैट्रिक्स स्तर - 2 या समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी।<br><br>**अनुभव:** प्रशासन/स्थापना/हाउसकीपिंग/लेखा/सतर्कता/अनुसंधान/आईटी/परीक्षा संचालन आदि में 3 वर्ष का अनुभव। |

6. तैनाती का प्रारंभिक स्थान नई दिल्ली होगा लेकिन भारत में कहीं भी सेवा करने के लिए उत्तरदायी होगा।

7. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति के लिए कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान आवश्यक है।

8. वेतन और भत्ते सहित प्रतिनियुक्ति की शर्तें, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-Estt. (Pay II) दिनांक 17 जून, 2010 और समय-समय पर इस संबंध में संशोधित अन्य आदेश दिशानिर्देशों में निर्धारित प्रावधानों द्वारा शासित होंगी।

9. निर्धारित पात्रता न्यूनतम आवश्यकता है और यह स्वतः रूप से किसी उम्मीदवार को चयन के लिए पात्र नहीं बनाती है। उनके बायोडाटा के आधार पर, उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और केवल शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

10. फीडर श्रेणी के ऐसे विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त व्यक्ति पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार हेतु पात्र नहीं होगा।

11. उचित माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा।

12. विज्ञापन में कोई भी संशोधन एनबीईएमएस की वेबसाइट www.natboard.edu.in पर प्रकाशित किया जाएगा।

13. एनबीईएमएस बिना पूर्व सूचना के रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने/वापस लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

14. एनबीईएमएस का निर्णय सभी मामलों में अंतिम और बाध्यकारी होगा।

15. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में रिक्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन बाद की होगी। पात्रता निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी।

16. हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों के बीच अस्पष्टता के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

17. निर्धारित प्रारूप में **'एनओसी और कैडर नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा विवरण के सत्यापन'** के साथ नियोक्ता द्वारा विधिवत प्रमाणित आवेदन और अन्य सहायक प्रमाण पत्र/दस्तावेज (सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, सतर्कता मंजूरी, पिछले दस वर्षों के दौरान लगाया गया बड़ा/छोटा जुर्माना और पिछले 5 वर्षों के एपीएआर की विधिवत सत्यापित प्रतियां) को **"अपर निदेशक (प्रशासन), आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, एनएएमएस बिल्डिंग, महात्मा गांधी मार्ग, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029"** (पंजीकृत कार्यालय) के पास रोजगार समाचार में इसके प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों के भीतर पहुंच जाना चाहिए।

**एनबीईएमएस**

**एनबीईएमएस में प्रतिनियुक्ति पर _________________________ के पद हेतु बायोडाटा प्रस्तुत करने के लिए प्रोफार्मा।**

1. आवेदित पद :

2. आवेदक का नाम :

3. कार्यालय जहां वर्तमान में कार्यरत्त हैं,
   का नाम, पता एवं संपर्क संख्या :

4. आपका संपर्क विवरण:
   (a) मोबाइल :
   (b) ई-मेल पता :
   (c) दूरभाष :

5. पत्राचार का पता :
   (पिन कोड सहित)

6. जन्म तिथि :

7. सरकारी सेवा में प्रवेश की तिथि और:
   सेवा जिससे अधिकारी संबंधित है

8. सेवानिवृत्ति की तिथि :

9. वेतनमान के साथ धारित वर्तमान पद
   (वेतन मैट्रिक्स में स्तर)
   (a) वर्तमान पद पर नियुक्त की तिथि :
   (b) मूल वेतन (सातवाँ वेतन आयोग के :
   वेतन मैट्रिक्स के अनुसार)
   (c) क्या आप परिशोधित वेतनमान में हैं?
   यदि हां, तो जिस तिथि से
   परिशोधित हुआ और
   निर्धारित वेतनमान का भी उल्लेख करें।
   (d) वर्तमान मे प्रति माह प्राप्त होनेवाले परिलब्धियों का विवरण:

   (I) वर्तमान वेतन स्तर:
   (II) वह तिथि जिससे वर्तमान वेतन स्तर आहरित किया जा रहा है :
   (III) कुल परिलब्धियां:

10. पूर्वनियुक्ति का विवरण, यदि कोई हो
    (a) यदि वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पद :
    धारण कर रहे हों?
    (b) यदि 'हाँ' तो कृपया मूल वेतन का उल्लेख करें:
    (सातवें वेतन आयोग के अनुसार
    वेतन मैट्रिक्स)

11. पद की उपयुक्तता में सहायक अतिरिक्त जानकारी यदि कोई हो तो
    अपने समर्थन में उल्लेख करना पसंद करें।
    अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और
    कार्य अनुभव इसमें शामिल हो सकते हैं
    (कृपया अलग शीट संलग्न करें)

12. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं:

13. विपरीत कालानुक्रमिक क्रम में शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता (10वीं कक्षा तक): -

| **क्र.सं.** | **शैक्षिक / व्यावसायिक योग्यता का विवरण** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | **बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

14. अनुभव / योग्यता:

| **पद के लिए आवश्यक पात्रता, सेवा, योग्यता, अनुभव** | **अधिकारी के पास योग्यता, सेवा, योग्यता, अनुभव** |
|---|---|
| | |

कृपया बताएं कि क्या ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में आप पद की आवश्यकता को पूरा करते हैं

15. कंप्यूटर कौशलता: (विवरण)

16. ज्ञात भाषाएँ:

17. कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का विवरण यदि आवश्यक हो तो अपने हस्ताक्षर के साथ विधिवत प्रमाणित अलग शीट संलग्न करें।

| **क्र.सं.** | **पद और तैनाती का स्थान** | **जिम्मेदारियों की संक्षिप्त सूची** | **कब से** | **कब तक** | **अवधि (वर्षों की संख्या, माह)** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

NATIONAL BOARD OF EXAMINATIONS IN MEDICAL SCIENCES
आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

18. कृपया बताएं कि क्या केंद्र सरकार / राज्य सरकार / स्वायत्त निकाय / सरकारी उपक्रम / विश्वविद्यालय के तहत काम कर रहे हैं। (अपने नियोक्ता का नाम बताएं)

19. पिछले 10 वर्षों के दौरान जुर्माने और वर्तमान स्थिति/चेतावनी का विवरण, यदि कोई हो: -

**स्व-प्रमाण पत्र और घोषणा**

मैं एतद् द्वारा प्रमाणित और घोषित करता हूँ कि:-

(I) इस आवेदन पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। साक्षात्कार/चयन के पूर्व या बाद में कोई सूचना गलत अथवा असत्य पाये जाने अथवा अपात्रता पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है।

(II) मैंने विज्ञापन के प्रावधानों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं विज्ञापन में निर्धारित आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता आदि के संबंध में पात्रता की सभी शर्तों और अन्य प्रासंगिक नियमों और निर्देशों को पूरा करता हूं।

(III) मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे विरुद्ध कोई सतर्कता या कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित नहीं है।

तिथि:

स्थान: आवेदक के हस्ताक्षर

NATIONAL BOARD OF EXAMINATIONS IN MEDICAL SCIENCES
आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड

*(अहस्ताक्षरित आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा)*

**नियंत्रण अधिकारी द्वारा अग्रेषित**

(NOC और संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा विवरण का सत्यापन)

एतद् द्वारा संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी श्री/श्रीमती/सुश्री ................................. को ___________________, **एनबीईएमएस** की रिक्ति के लिए आवेदन करने और विचार किए जाने पर अपनी अनापत्ति देता है। इसके अलावा, यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त पद के लिए अधिकारी के चयन की स्थिति में, उसे प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए भारमुक्त और कार्यमुक्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार द्वारा ऊपर दिए गए विवरण को आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार सही और सत्य होने के रूप में प्रमाणित किया जाता है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के खिलाफ कोई सतर्कता मामला या कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित नहीं है। अधिकारी के पिछले रिकॉर्ड के साथ-साथ पिछले पांच वर्षों के एपीएआर (APARs) के विवरण के साथ उसकी सत्यापित प्रतियों को भी संलग्न किया जा रहा है।

संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण के हस्ताक्षर और पदनाम

दूरभाष संख्या.:
कार्यालय सील:

## अधिकारी का पिछला रिकॉर्ड
## (संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा भरा जाना चाहिए)

1. अधिकारी द्वारा प्राप्त पुरस्कारों का विवरण, यदि कोई हो:-

2. अधिकारी के विरुद्ध विगत अनुशासनात्मक कार्रवाई/सतर्कता मामलों का विवरण, यदि कोई हो:-

3. पिछले 5 वर्षों के APARs का सारांश:-

| वर्ष | कुल मिलाकर ग्रेडिंग | यदि कोई टिप्पणी हो |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

**उल्लिखित APARs की छायाप्रति विधिवत प्रमाणित होनी चाहिए और आवेदन पत्र के साथ संलग्न होनी चाहिए।**

संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण के हस्ताक्षर और पदनाम

दूरभाष संख्या.:
कार्यालय सील:

NATIONAL BOARD OF EXAMINATIONS IN MEDICAL SCIENCES
राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड आयुर्विज्ञान में